सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - ३ ३ सोमवार – १०/०२/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### भगवद् गीता का प्रभाव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक पुनरुद्धार और आध्यात्मिक नवजागरण के लिए अनूठे प्रयासों की श्रृंखला शुरू की है। इसी कड़ी में राज्य सरकार द्वारा 11 दिसम्बर को गीता जयंती के अवसर पर सभी जिला मुख्यालयों में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
इस विशेष अवसर पर यह जानना आवश्यक होगा कि श्रीमद् भगवद गीता एक अनूठा आध्यात्मिक मार्गदर्शी ग्रंथ है, भगवद् गीता जिसका प्रभाव पूरी दुनिया में फैल चुका है। भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य वचनों में सम्पूर्ण जीवन की व्याख्या है। संसार की समस्याओं और मनुष्य की व्यथाओं का समाधान है। "गीता" की महिमा का शाब्दिक वर्णन करना कठिन काम है। पाठकों के सुलभ संदर्भ के लिए श्रीमद् भगवद् गीता पर विश्व के महापुरुषों, महान वैज्ञानिकों, विद्वजनों और दार्शनिकों के विचारों का संकलन प्रस्तुत किया गया है। भगवान श्रीकृष्ण की कही हुई श्रीमद् भगवद् गीता के समान छोटे वपु (काया, शरीर) में इतना विपुल ज्ञानपूर्ण कोई दूसरा ग्रंथ नहीं है''– महामना पं. मदनमोहन मालवीय। "जब कभी संदेह मुझे घेरते हैं और मेरे चेहरे पर निराशा छाने लगती है; मैं क्षितिज पर गीता रूपी एक ही उम्मीद की किरण देखता हूं। इसमें मुझे अवश्य ही एक छन्द मिल जाता है, जो मुझे सांत्वना देता है। तब मैं कष्टों के बीच मुस्कुराने लगता हूँ''– महात्मा गांधीजी। गीता हमारे ग्रंथों में एक अत्यन्त तेजस्वी और निर्मल हीरा है''– लोकमान्य बालगंगाधर तिलक। मशहूर जर्मन कवि, उपन्यासकार और पेंटर हरमन हेस के जीवन पर भी गीता का विशेष प्रभाव था। उनकी कालजयी रचना शसिद्धार्थश में यह स्पष्ट होता है। उनका कहना था शगीता की सबसे अच्छी विशेषता यह है कि यह जीवन के सही मायनों को पूरी वास्तविकता के साथ सामने रखती है। उन्नीसवीं सदी के मशहूर दर्शनशास्त्री और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अल्बर्ट श्विट्ज़र मानते थे – श्रीमद भगवद् गीता मनुष्य के जीवन पर बहुत गहरा असर डालती है। यह कर्मों के माध्यम से ईश्वर प्राप्ति का संदेश देती है।

## मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा दिया,दिल्ली में शाह से मुलाकात के बाद फैसला , राज्य में 21 महिने से हिंसा जारी

**एन बीरेन सिंह के साथ मणिपुर के गर्वनर अजय कुमार भल्ला से मिलने संबित पात्रा ओर मंत्री मंडल सदस्य पहुँचे**



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार शाम अपना इस्तीफा गवर्नर को सौंप दिया। गवर्नर अजय कुमार भल्ला ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और बीरेन सिंह से कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर पद संभालने के लिए कहा है।
बीरेन सिंह पर राज्य में 21 महीने से जारी हिंसा के चलते काफी दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी लगातार एनडीए से इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थीं। इस्तीफे का फैसला लेने से पहले बीरेन सिंह ने रविवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की थी। नए मुख्यमंत्री पर फैसला एक–दो दिन के भीतर लिया जाएगा।आईटीएलएफ ने कहा– बिरेन सीएम रहें या नहीं, हमारी मांग अलग प्रशासन की – कूकी समुदाय की संस्था आईटीएलएफ के प्रवक्ता गिन्जा वूलजोंग ने कहा– बीरेन सिंह ने मणिपुर विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव में हार के डर से इस्तीफा दिया है। हाल ही में उनका एकऑडियो टेप लीक हुआ था, जिसका संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने लिया है। ऐसे में अब भाजपा के लिए भी उन्हें बचाना मुश्किल लग रहा है। बिरेन चाहे मुख्यमंत्री रहें या नहीं, हमारी मांग अलग प्रशासन की है। मैतेई समुदाय ने हमें अलग किया है। अब हम पीछे नहीं हट सकते। बहुत खून बह चुका है। एक राजनीतिक हल ही हमारी मुसीबत का समाधान कर सकता है।


## आठ साल बाद भाजपा ने रिकॉर्ड वोटों से सपा को हराया l

**उपचुनाव युपी**

अयोध्या हार का बदला भाजपा ने मिल्कीपुर जीत कर ले लिया। 8 साल बाद सपा से मिल्कीपुर विधानसभा छीन ली। भाजपा ने मिल्कीपुर में इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। भाजपा प्रत्याशी चंदभानु पासवान ने सपा के अजीत प्रसाद को 61 हजार 636 वोट से हराया। इससे पहले सपा से अवधेश प्रसाद साल 2012 में 39,237 वोट से जीते थे। उपचुनाव में चंद्रभानु पासवान को 1 लाख 46 हजार 291 और अजीत प्रसाद को 84 हजार 655 वोट मिले। बाकी सभी 8 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। अयोध्या सांसद के बेटे होने के बावजूद अजीत प्रसाद अपने ही बूथ से हार गए। लोकसभा चुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा में भाजपा को सपा से 7 हजार वोट कम मिले थे। 8 महीने में ही भाजपा ने बाजी पलट दी। तीसरे नंबर पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी सूरज चौधरी रहे। उन्हें 5 हजार 457 वोट मिले। मिल्कीपुर में भाजपा पहले राउंड से ही बढ़त बनाए हुए थी। वह आखिर तक जारी रही। एक बार भी सपा आगे नहीं निकल पाई। अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर रिजल्ट पर कहा– ये भाजपा की झूठी जीत है। जिसका जश्न भाजपाई आंखों–में–आंखें डालकर नहीं मना पाएंगे।

## आसाराम की डॉक्यूमेंट्री बनाने वाले खतरे में डिस्कवरी चैनल की महिलाओं को दुष्कर्म की धमकियाँ , सुप्रीम कोर्ट का आदेश सात राज्यो की पुलिस सुरक्षा दे

**आसाराम समर्थक फिल्म को रुकवाने के लिए अनेक प्रकार के हथकन्डे अपना रहे है**




आसाराम के जिस 'कल्ट ऑफ फियर' की कहानी डिस्कवरी ने लोगों को दिखाई, उसे कर्मचारी खुद डरा हुआ महसूस कर रहे हैं। आसाराम समर्थकों के आतंक के चलते ओटीटी प्लेटफॉर्म डिस्कवरी प्लस के कर्मचारी खौफ में जी रहे हैं। खौफ भी ऐसा कि 100 से ज्यादा कर्मचारी दफ्तर नहीं आ रहे हैं और घरों में कैद होकर रह गएहैं। डिस्कवरी ने डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'कल्ट ऑफ फियर – आसाराम बापू' बनाई है। जबसे यह रिलीज हुई, चौनल के कर्मचारियों को धमकियां मिल रही हैं। कंपनी न` पुलिस में शिकायत की, मगर कार्रवाई नहीं हुई तो वह सुप्रीम कोर्ट पहुंची। दस्तावेज बताते हैं कि आसाराम समर्थक फिल्म को व्ज्ज प्लेटफॉर्म पर रुकवाने के लिए कई हथकंडे अपना रहे हैं। डिस्कवरी कम्युनिकेशंस इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि कर्मचारियों का जीना दूभर हो गया है। चौनल ने कहा कि उसने सार्वजनिक रिकॉर्ड और अदालती गवाही के आधार पर डॉक्यूमेंट्री बनाई। सुनवाई में सीजेआई संजीव खन्ना की बेंच ने कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा, तेलंगाना और तमिलनाडु की पुलिस को कर्मचारियों अंतरिम सुरक्षा देने का आदेश दिया है।

## इल्तिजा मुफ्ती का दावा मै ओर माँ महबुबा नजरबंद

**दरवाजो पर ताला लगी फोटो एक्स पर शेयर की**

जम्मू–कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने दावा किया है कि उन्हें और उनकी मां को नजरबंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने उनके दरवाजों पर ताले लगा दिए हैं। इल्तिजा ने सोशल मीडिया एक्स पर घर के बंद दरवाजों पर लगे तालों की फोटो शेयर की है। इल्तिजा ने हाउस अरेस्ट का दावा करते हुए लिखा– चुनाव के बाद भी कश्मीर में कुछ नहीं बदला। अब पीड़ितों के परिवारों को सांत्वना देना भी अपराध माना जा रहा है।


## पंजाब सीएम के प्रचार वाली सभी सीटी आप हारी

**२४ सीटों पर आप ने करा था प्रचार**

पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के ब्ड भगवंत मान ने दिल्ली में जिन–जिन सीटों पर प्रचार किया, उन सभी पर पार्टी हार गई। सीएम भगवंत मान ने यहां 12 सीटों पर प्रचार किया था। जिनमें पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की सीट भी शामिल थी। हालांकि ये दोनों भी चुनाव हार गए। वहीं पंजाब विधानसभा में विपक्षी दल कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में दावा किया कि अब अरविंद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। इसके लिए उन्होंने पंजाब में ।।च के प्रधान और मंत्री अमन अरोड़ा के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें अरोड़ा ने कहा था कि कोई हिंदू भी पंजाब का मुख्यमंत्री बन सकता है।

## केजरीवाल की हार पर कुमार विश्वास बोले दिल्ली को मुक्ति मिली,निर्ल्लज आदमी के लिए कोई सहानुभुति नही

**केजरीवाल का नाम लिए बीना केजरीवाल पर तन्ज**



दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार पर कवि कुमार विश्वास ने तंज कसा है। कुमार ने केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा कि दिल्ली को आज उनसे मुक्ति मिल गई है। मुझे उस निर्लज्ज आदमी से कोई सहानुभूति नहीं है। केजरीवाल ने व्यक्तिगत महत्वकांक्षा के लिए अन्ना आंदोलन से निकले लाखों–करोड़ों कार्यकर्ताओं के सपनों को कुचल दिया। उसने उसने आाप कार्यकर्ताओं का इस्तेमाल अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं के लिए किया है। कुमार विश्वास ने बताया कि जब मेरी पत्नी ने मनीष सिसोदिया के हारने की खबर सुनी तो वे रोने लगीं। क्योंकि मनीष ने उनसे कहा था कि अभी तो ताकत है। तब मेरी पत्नी ने मनीष से कहा था कि ताकत हमेशा नहीं रहती। विश्वास ने कहा – मैं भाजपा को जीत की बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे दिल्ली की जनता के लिए काम करेंगे।विश्वास बोले– अहंकार ईश्वर का भोजन है इसके अलावा कुमार विश्वास ने एक्स पर एक वीडियो भी शेयर किया। इसमें वे केजरीवाल पर निशाना साध रहे हैं। हालांकि, वीडियो में वे किसी का नाम नहीं लिए हैं। विश्वास ने कैप्शन में लिखा, अहंकार ईश्वर का भोजन है।

## जहरीली महुआ शराब पीने से सात की मौत चार घायल बेटी बोली पिता के मुह से निकला खुन का थक्का

**ग्रांमीण बोले शिकायात पर दिखावे की कार्रवाही**



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जहरीली महुआ शराब पीने से सरपंच के भाई समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 की हालत गंभीर है। सिम्स में इलाज जारी है। मृतकों का शरीर काला पड़ गया था। हालांकि मौत की असल वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद साफ होगी। घटना कोनी थाना क्षेत्र के लोफन्दी की है। मृतक रामू की बेटी पूर्णिमा ने बताया कि पापा उल्टी कर रहे थे, जिससे खून निकल रहा था। खून का थक्का जैसे काला–काला उल्टी के साथ आ रहा था। पिता को अस्पताल लेकर गए, तो रास्ते में ही धड़कनें बंद हो गई। चार लोगों की एक ही रात जान गई है। हालांकि मौतों पर प्रशासन का कहना कि ग्रामीणों ने शादी में सामूहिक भोज किया था। इसके अलावा कुछ लोगों ने नदी किनारे मछली खाया था। अभी मामले की जांच जारी है। वहीं कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए 6 सदस्यीय जांच टीम गठित की है।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in

पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध




YouTube

## SWATANTRA BODDHIK PATRA


## खबरों के लिए लोगिंन करे !

## https://sbpatra.in/













(1) गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/

(2) होम पेज पर केटेगिरी मे जाए

(3) ई-पेपर केटेगिरी चुने

(4) समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।


स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध


## मोदी 12 फरवरी को दो दिन के अमेरिकी दौरे पर, ट्रम्प ने इन्विटेशन भेजा दुसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद पहली मुलाकात



ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी की यह पहली मुलाकात होगी। मोदी फ्रांस की यात्रा खत्म करने के बाद 12 फरवरी की शाम को वॉशिंगटन डीसी पहुंचेंगे। वे 14 फरवरी तक रहेंगे। च्ड इस दौरान अमेरिकी बिजनेसमैन और भारतवंशी समुदाय से भी मुलाकात कर सकते हैं। च्ड और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच 27 जनवरी को बातचीत हुई थी। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहली बार था जब दोनों ने बातचीत की थी। इस बातचीत के बाद ही ट्रम्प ने खुलासा किया था कि मोदी फरवरी में व्हाइट हाउस आ सकते हैं। 2024 में अमेरिका दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया था। भारत के साथ आ सकते हैं। 2024 में अमेरिका दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित कि या था।भारत के साथ आ सकते हैं। 2024 में अमेरिका दौरे पर गए थे।इस दौरान उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया था। भारत के साथ व्यापार घाटा कम करना चाहते हैं ट्रम्प – अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने च्ड मोदी से बातचीत के दौरान कहा था कि भारत को और ज्यादा अमेरिकी सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी इक्विपमेंट्स) खरीदने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार उचित तरीके से होना चाहिए।

यानी कि ट्रम्प चाहते हैं कि व्यापार घाटा अमेरिका का नहीं होना चाहिए। भारत अमेरिका के बड़े निर्यातकों में से एक है। ठठ६ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 2023–24 में अमेरिका को 77.5 बिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया था। वहीं, अमेरिका ने भारत को 42.2 बिलियन डॉलर का सामान बेचा था।

## यूक्रेन के जार्जिस्क शहर पर रूस का कब्जा यहां पाच महीने मे छब्बीस हजार युक्रेनी सैनिक मारे



रूस के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक वीडियो जारी कर यूक्रेन के जर्जिस्क शहर पर कब्जे का दावा किया। रूसी न्यूज आउटलेट आर आई के मुताबिक यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में स्थित इस शहर पर रूस ने कब्जा कर लिया है। जर्जिस्क के अलावा रूस ने यहां मौजूद दो गांव द्रुज्बा और क्रिम्सकोये पर भी कंट्रोल की बात कही। रूसी सेना ने कहा है कि यूक्रेन ने शहर की रक्षा के लिए लगभग 40,000 सैनिकों को तैनात किया था। 5 महीने की लड़ाईइसमें से 26,000 सैनिक की मौत हो गई। वीडियो फुटेज में रूसी ड्रोन्स को यूक्रेनी रसद और सैनिकों को निशाना बनाते देखा गया। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा यूक्रेनी सेना ने शहर की लगभग हर इमारत को किले में तब्दील कर दिया था। शहर के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से की रक्षा करने के लिए कई तरह की तकनीक अपनाई गई थी।

## ब्राजील के साओ पाउलो मे प्लेन क्रेश दो की मोत छ:की घायल

ब्राजील के साओ पाउलो में शुक्रवार को प्लेन क्रैश में 2 लोगों की मौत हो गई है। 6 लोग घायल बताए जा रहे हैं। रॉयटर्स के मुताबिक हादसा स्थानीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 7 बजकर 20 मिनट पर हुआ। किंग एयर ,फ90 प्लेन प्लेन इमरजेंसी लैंडिग की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक लैंडिंग के बाद प्लेन एक बस से जा टकराया। इसके बाद प्लेन में आग लग गई जिसमे 2 लोगों की जलकर मौत हो गई। वहीं बस में बैठी एक महिला प्लेन के मलबे से टकराने की वजह से गंभीर तौर पर घायल हो गई है। इसके अलावा एक बाइक सवार शख्स में मलबे की चपेट में आने से गंभीर तौर पर घायल है। प्लेन साउथ रियो ग्रांडे से डो सुल जा रहा था। प्लेन टेकऑफ के बाद 5 किमी दूरी भी तय नहीं कर पाया। विमान को इमरजेंसी लैंडिंग की जरुरत क्यों पड़ी अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

## हमास ने तीन इजराइली बंधको को रिहा किया इजराइल ने भी 183 फिलिस्तीनी कैदी छोडे



फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने सीजफायर समझौते के तहत शनिवार को 3 इजराइली बंधकों को रिहा कर दिया है। न्यूज एजेंसी ।च के मुताबिक इन बंधकों को नाम एली शराबी (52), ओहद बेन अमी (56) और ओर लेवी (34) हैं।

इन तीनों बंधकों को रेडक्रॉस संगठन को सौंप दिया गया। रेडक्रॉस इन्हें गाजा से निकालकर इजराइल ले गई। रिहाई के बाद इन तीनों बंधकों की तस्वीरें जारी हुई हैं, जिनमें ये काफी दुबले और बीमार दिखाई पड़ रहे हैं।

बंधकों के पहुंचने के बाद इजराइल ने 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया। कतर में 19 जनवरी को हुए सीजफायर डील के तहत यह बंधकों की पांचवीं अदला बदली है। समझौते के प्रभावी होने के बाद से अब तक कुल 16 इजराइली और 5 थाई बंधकों को रिहा किया जा चुका है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हजारों लड़ाकों ने इजराइल पर हमला कर 1200 लोगों का कत्ल कर दिया था। इसके साथ 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था। चंद घंटे बाद ही इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमास के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया था।

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेशी डिप्लोमैट को तलब किया – कहा- हसीना के बयान से हमारा वास्ता नहीं; बांग्लादेश ने आपत्ति जताई थी

भारतीय विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश के कार्यवाहक हाई कमिश्नर मोहम्मद नूरल इस्लाम को शुक्रवार शाम को साउथ ब्लॉक में तलब किया गया था। साथ ही उन्होंने शेख हसीना के बयान को निजी बताया और कहा कि उसे भारत से जोड़ना ठीक नहीं है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि मोहम्मद नूरल को बताया गया कि भारत बांग्लादेश के साथ अच्छे संबंध चाहता है, जिसे हाल की हाई लेवल मीटिंग्स में कई बार दोहराया गया है। लेकिन दुखद है कि बांग्लादेशी अधिकारी भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं और आंतरिक मामलों के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। बांग्लादेश हम पर झूठे आरोप लगाना बंद करे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने 6 फरवरी को बयान जारी कर भारत के समक्ष अपना विरोध जताया था। बांग्लादेश ने मांग की थी कि भारत को अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को बयान देने से रोका जाए। यूनुस सरकार ने शीर्ष राजनयिक को बुलाकर कहा था कि शेख हसीना भारत में रहकर झूठे और मनगढ़ंत बयान दे रही हैं। दरअसल, 5 फरवरी को प्रदर्शनकारियों ने शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान श्बंगबंधुश के ढाका स्थित धनमंडी–32 आवास पर तोड़फोड़ की थी। इसके बाद हसीना ने फेसबुक पर अपने समर्थकों को संबोधित किया था। हसीना ने हमलावरों को चेतावनी देते हुए कहा था कि इतिहास अपना बदला लेता है।

## बांग्लादेश पुलिस ने दो फिल्म एक्ट्रेसेस को हिरासत में लिया , इन पर राज द्रोह का आराप



बांग्लादेश पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच ने गुरुवार को 2 फिल्म एक्ट्रेसेस को हिरासत में लिया है। इन दोनों एक्ट्रेसेस के नाम मेहर अफरोज शॉन और सोहाना सबा है। दोनों ही बांग्लादेशी फिल्म इंडस्ट्री का जाना माना चेहरा है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक मेहर के खिलाफ राजद्रोह के आरोप लगे हैं, जबकि सोहाना के खिलाफ लगे आरोपों की अभी जानकारी नहीं मिली है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एडिशनल कमिश्नर रेजाउल करीम मलिक के मुताबिक इन्हें इंटेल के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्हें राजधानी ढाका के मिंटू रोड स्थित डीबी कार्यालय ले जाया गया। न्यूज एजेंसी ।छप् से फोन पर बात करते हुए मलिक ने बताया कि हमें कुछ जानकारी मिली है। इसके आधार पर हमने मेहर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

## सेना ने सात पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया , इनमें तीन पाकिस्तानी सैनिक थे,सभी भारतीय पोस्ट पर हमले कि साजिश कर रहे थे।

घटना चार फरवरी की रात जिले की कृष्णा घाटी के पास हुई



भारतीय सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया है। इनमें 3 पाकिस्तानी आर्मी के जवान भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि घटना 4 फरवरी की रात पुंछ जिले में कृष्णा घाटी के पास हुई, जब एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश की गई। दैनिक भास्कर के सूत्रों का दावा है कि भारतीय सेना की फॉरवर्ड पोस्ट पर हमले की प्लानिंग थी। इसकी सूचना इंडियन आर्मी को मिली और उन्होंने पहले ही हमला कर साजिश को नाकाम कर दिया। घुसपैठ के दौरान मारे गए 7 लोगों में 3–4 पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम के मेंबर्स की भी मौत हो गई। यह टीम क्रॉस बॉर्डर ऑपरेशन में माहिर होती है। हालांकि भास्कर को सूत्रों ने बताया कि इस घटना में 5 आतंकवादियों की मौत हुई है। इनमें टीम मेंबर्स का जिक्र नहीं किया गया।

## अमेरिका ४८७ और अवैध प्रवासियों को भारत भेजेगारूसरकार को २९८ की जानकारी दी गई, विदेश मंत्रालय ने कहा- हमने दुर्व्यवहार का मुद्दा उठाया

विदेश मंत्रालय मे शुक्रवार को बताया कि अमेरिका ने 487 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजने के लिए चिह्नित किया है। इनमें से 298 लोगों के बारे में जानकारी दी गई है। इससे पहले 4 फरवरी को 104 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत डिपोर्ट किया गया था। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि आगे इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि भारतीयों को भेजते वक्त कोई दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए। ऐसा कोई भी मामला हमारे सामने आएगा तो हम उसे अमेरिका के सामने उठाएंगे। मिस्री ने बताया कि भारतीयों को 4 फरवरी को भारत भेजते वक्त उनके साथ दुर्व्यवहार के मुद्दे को अमेरिकी अधिकारियों के सामने उठाया है।


# खबरों के लिए लोगिंन करे

# https://sbpatra.in/


स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है।अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। – सम्पादक मधुसूदन शर्मा